卐 श्री सदगुरू देवाय नम:卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 11 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦शुक्रवार ♦17 अक्टूबर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

शिवा ज्वैलर्स एवं डायमंड
हमारे आभूषण आपका निखार,हॉलमार्क आभूषण और प्रमाणित हीरे
हॉलमार्क सोने के जेवर पक्के बिल के साथ पायें हमारे यहां 92.5 चांदी के जेवर उपलब्ध है।

| Carat | 22KT | 20KT | 18KT | 14KT |
|---|---|---|---|---|
| Purity | 91.60% | 83.33% | 75% | 58.5% |

मेकिंग चार्ज पर भारी छूट
पता - सर्राफा बाजार,शिशु मन्दिर रोड,गदरपुर(उधमसिंहनगर)
क्षेत्रवासियों को धनतेरस एवं दीवाली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
राजेन्द्र वर्मा मो.-9837371019
मितेश वर्मा मो.-7500537754
रितुल वर्मा मो.-7017520256

# 208 नक्सलियों ने डाले हथियार

## आत्मसमर्पण करने वालों में 110 महिलाएं और 98 पुरुष

रायपुर/बस्तर। छत्तीसगढ़ के दंडकारण्य क्षेत्र में शुक्रवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी, जब 208 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर सरकार की पुनर्वास नीति को अपनाया। आत्म समर्पण करने वालों में 110 महिलाएं और 98 पुरुष शामिल हैं। यह घटना न केवल राज्य के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक मानी जा रही है। अबूझमाड़ जैसे लंबे समय से नक्सल प्रभाव वाले क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा अब नक्सलवाद से मुक्त हो गया है और माना जा रहा है कि उत्तर बस्तर में लाल आतंक का लगभग अंत हो चुका है। अब सुरक्षाबलों का अगला फोकस दक्षिण बस्तर पर रहेगा। आत्मसमर्पण के दौरान नक्सलियों ने कुल 153 हथियार सुरक्षा अधिकारियों को सौंपे, जिनमें एके-47, इंसास, एसएल आर, .303 राइफल, कार्बाइन, बीजीएल लॉन्चर, शॉटगन और एक पिस्तौल शामिल हैं। यह न केवल नक्सलियों के विश्वास का संकेत है, बल्कि सुरक्षा एजेंसियों के लगातार चल रहे अभियान की बड़ी सफलता भी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसे ऐतिहासिक क्षण करार देते हुए कहा कि यह दिन केवल छत्तीसगढ़ के लिए ही नहीं, पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में नक्सली आज संविधान (शेष पृष्ठ सात पर)



# बिहार में दिखा धाकड़ धामी का जलवा

सिवान (बिहार)। बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के तहत उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जैसे ही गोरियाकोठी (सिवान) पहुँचे, भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया। इससे पहले मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दया कुमारी तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर से भेंट की और देशभर के राजनीतिक परिदृश्य, संगठनात्मक दृष्टिकोण एवं आगामी चुनावों को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री धामी बाद में गोरियाकोठी पहुंचे, जहाँ उन्होंने भाजपा प्रत्याशी देवेशकांत सिंह के नामांकन कार्यक्रम और उसके पश्चात आयोजित आशीर्वाद सभा में भाग लिया। कार्यक्रम स्थल पर हजारों की संख्या में उमड़ी भीड़ और जोशीले नारों ने इस बात की गवाही दी कि क्षेत्र में भाजपा और मुख्यमंत्री धामी की लोकप्रियता चरम पर है। भाजपा समर्थकों के साथ-साथ आम जनता ने भी मुख्यमंत्री धामी का जोशीला स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने अपने ओजस्वी और धारदार भाषण से जनसमूह में नई ऊर्जा और जोश का संचार कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज एक नए आत्मविश्वास, तेज गति से हो रहे विकास और वैश्विक प्रभाव के युग में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि सभी की आँखों (शेष पृष्ठ सात पर)



SAMSUNG MOBILE CAFE
PHONE & ACCESSORIES
पता-दुर्गा मन्दिर गली,रुद्रपुर
प्रत्येक मोबाईल के साथ FREE GIFT
MOBILE MANTRA
0% डाउन पेमेंट
कहीं का भी आधार कार्ड लायें और फोन ले जायें
BAJAJ FINSERV SAMSUNG Finance+ HDB FINANCIAL SERVICES
ओल्ड इलाहाबाद बैंक वाली गली के कार्नर पर,काशीपुर बाईपास रोड,रुद्रपुर मो.9917318000,9917301800

क्षेत्रवासियों को धनतेरस एवं दिवाली की हार्दिक शुभकामनायें
दीवाली विशेष ऑफर
गोल्ड मेकिंग चार्ज मात्र 8.99*%
मंगलम ज्वैलर्स
हमारे यहां सभी प्रकार की हॉलमार्क ज्वैलरी उपलब्ध है
राशि के नग जैसे मोती, मूंगा, माणिक्य, पन्ना, पुखराज आदि
प्रो०-महेन्द्र पाल गगनेजा,नितिश गगनेजा (रिप्पी) मो. 9837056528, 8958390000
D1- D2, 42 सिद्धबली टावर, सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊ.सिं.नगर)

समस्त क्षेत्रवासियों को धनतेरस एवं दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
SWASTIK JEWELLERS
Diamond, Gold & Silver Jewellery
डायमंड ज्वैलरी मेकिंग चार्ज 0%
Paanch Mandir Road, Main Market Rudrapur MOB:- 9917323000, 9917424000

AASTHA ELECTRONICS
0% FINANCE AVAILABLE
Kashipur Bypass Road, Near Hotel Amber, Rudrapur, Mo-9837446000,9897122627
iPhone vivo SAMSUNG oppo mi realme NOKIA ONEPLUS Whirlpool Haier IFB VOLTAS GENERAL DAIKIN BLUE STAR HAVELLS Aquaguard KENT JBL F&D hp HYUNDAI PHILIPS

अम्बिका ज्वैलर्स
निकट नावल्टी रेस्टोरेन्ट,रुद्रपुर(उधमसिंहनगर) मो.-9927012111
हॉलमार्क ज्वैलरी आकर्षक डिजाईन
मेकिंग चार्ज में भारी छूट
शुद्धता की पूर्ण गारन्टी
पहुँची, गढ़वाली व कुमाऊंनी नथ,गुलबन्द विशेष डिजाइन में तैयार किये जाते हैं।
राशि के नग जैसे मोती, मूंगा, माणिक्य, पन्ना, पुखराज आदि


# धनतेरस व दीपावली पर्व की तैयारियों में गुलजार हो रहा बाजार

## त्योहारों को लेकर व्यापारियों और लोगों में दिख रहा उत्साह, ग्राहकों के लिए दिए जा रहे बंपर छूट के ऑफर

-प्रमोद धींगरा-

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। धनतेरस व दीपावली पर्व की तैयारियों को लेकर बाजारों में दुकानें तथा शो रूम नए आकर्षक सामानों से गुलजार होने लगे हैं। त्यौहार से पूर्व जहां बाजार क्षेत्र में रौनक बढ़ गई है तो वहीं व्यापारियों में भी उत्साह दिखाई देने लगा है। मुख्य बाजार सहित ट्रांजिट कैम्प व नगर की विभिन्न तथा 20 व 21 अक्टूबर को दीपावली पर्व मनाया जायेगा। इस वर्ष दीपावली पर्व को मनाने की तिथियों में कुछ भ्रांतियां भी बनी हुई हैं। कुछ शास्त्री 20 अक्तूबर को तो कुछ 21 अक्टूबर को दीपावली पर्व मनाने को शुभ बता रहे हैं। इधर धनतेरस पर्व की तैयारियों जुटे बर्तन व्यापारियों ने दुकान को विभिन्न तरह के बर्तनों से भरपूर कर दिया है। तो वहीं सजाया जा रहा है। एक ओर जहां व्यापारी दुकानों और बाजारों को सजाने में लगे हैं तो वहीं बाजार क्षेत्र में त्यौहारों पर होने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी पूरी तरह से कमर कस चुके हैं। बाजार में चिन्हित किये भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस कर्मी अभी से पूरी मुस्तैद दिखाई देने लगे हैं। भीड़ क्योंकि कई बार दीपावली पर्व से पूर्व हुई तेज बरसात से तमाम व्यापारियों को खासा नुकसान उठाना पड़ा था। इस वर्ष लोगों के रुझान को देखते हुए यह माना जा रहा है कि इलैक्ट्रिक सामानों की बिक्री में काफी उछाल आयेगा। जिसे देखते हुए ग्राहकों को अपने प्रतिष्ठान की ओर आकर्षित करने के लिए इलैक्ट्रिक शोरूम के स्वामियों द्वारा टीवी, फिज, वाशिंग लिए रंगाई पुताई कराने के साथ रोशनी से गुलजार करने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। गांधी पार्क में आयोजित स्वदेशी उत्पादों के लगाए गए मेले में खील बतासे, पूजा सामग्री, दीये, रेडीमेड वस्त्र व सजावटी सामान बेचने वालों की चहल पहल भी काफी बढ़ चुकी है। अगर हम मुख्य बाजार से हटकर बात करें तो ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में भी दीपावली व धनतेरस की रौनक वाले हैं। जहां उन्हें कम दामों पर बिना भीड़भाड़ के जरूरत का सारा सामान मिल जाता है। इसके अलावा आवास विकास, सिंह कालोनी, आदर्श कालोनी, रम्पुरा, भूत बंगला, पहाड़ गंज, दूधिया नगर, ट्रांजिट कैम्प, गंगापुर रोड़, भूरारानी, सुभाष कालोनी, जैन कालोनी, मलिक कालोनी, बत्रा कालोनी, ईश्वर कालोनी, आरआर क्वार्टर, आदर्श इंदिरा








आवासीय कालोनियों में स्थित दुकानों को सजाने व संवारने के साथ ही व्यापारी अपनी क्षमता के अनुसार दुकान में ग्राहकों की पसंद का सामान जमा कर रहे हैं। वहीं मिष्ठान विक्रेताओं द्वारा तरह तरह की स्वादिष्ट मिठाईयां बनानी शुरू कर दी गई हैं। संशय के बीच लोगों द्वारा आगामी 18 व 19 अक्टूबर को धनतेरस ज्वैलर्स भी धनतेरस व दीपावली पर्व को लेकर काफी उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए ज्वेलरी की खरीद पर छूट व उपहार भी दिए जा रहे हैं। आम जनता में भी त्यौहारों को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है। विभिन्न बाजारों को व्यापारियों द्वारा रंगबिरंगी झालरों व विद्युत रोशनी से नियंत्रण के साथ पुलिस कर्मी बाजार क्षेत्र में घूमने वाले आपराधिक तत्वों पर भी पैनी नजर रख रहे हैं। अनेक बाजारों को व्यापारियों द्वारा दुल्हन की तरह सजाया जाने लगा है। हर व्यापारी ईश्वर से बस यही प्रार्थना कर रहा है कि इस वर्ष धनतेरस, दीपावली व भैयादूज पर्व पर बारिश उनको उम्मीदों पर पानी न फेरे। मशीन, मोबाईल, गीजर सहित तमाम इलैक्ट्रिक उपकरणों की खरीद पर भारी छूट के साथ ही उपहार की कई योजनायें चलाई जा रही हैं। इतना ही नहीं आसान किश्तों पर भी उपकरण उपलब्ध कराये जा रहे हैं। कपड़े व रेडीमेड के शो रूमों में अभी से ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी है। साथ ही लोग अपने घरों को सजाने के परवान चढ़ चुकी है। सिडकुल के उद्योगों में काम करने वाले हजारों श्रमिक ट्रांजिट कैम्प में ही निवास करते हैं। जो त्यौहारों की छुट्टियों में घर जाने से पहले परिजनों के लिये बस्त्र, उपहार आदि सामान खरीदने में लग गये हैं। जिसके लिए उनकी पहली पसंद ट्रांजिट कैम्प का बाजार व फड़ ठेली पर सामान बेचने बंगाली कालोनी समेत नगर की विभिन्न आवासीय कालोनियों में भी त्यौहारों की रौनक निरंतर बढ़ती जा रही है। निगम प्रशासन द्वारा तैयार किए गए वेंडिंग जोन में विस्थापित किए गए दुकानदारों व लघु व्यवसायों का यह पहला दीपावली पर्व है। दुकानदार धनतेरस तथा दीपावली का पर्व मनाने की तैयारियां कर रहे हैं।

## व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस प्रशासन आया एक्टिव मोड पर

रूद्रपुर। आगामी धनतेरस तथा दीपावली पर्व शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए पुलिस प्रशासन ने सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देकर उस पर अमल करना शुरू कर दिया है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ स्वयं बाजार क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य बाजार क्षेत्र में भीड़ को देखते हुए वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाकर गांधी पार्क में पार्किंग व्यवस्था की जा रही है। वहीं पूजा सामग्री बेचने वाले ठेली स्वामियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही दुकानदारों को शामियाना व अपना सामान दुकान से बाहर न लगाने के लिए चेताया जा रहा है। ताकि मुख्य बाजार के यातायात में किसी भी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो। पुलिस प्रशासन ने धनतेरस तथा दीपावली पर्व के दौरान व्यवस्थाओं पर निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे की मदद के लिए भी कमर कस ली है। मुख्य बाजार को जोड़ने वाले सभी मार्गों पर पुलिस कर्मी तैनात किए जा रहे हैं ताकि कोई भी चौपहिया वाहन अन्य मार्गों से बाजार में प्रवेश न कर सके। इसके साथ साथ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भी बाजार का निरीक्षण कर मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाएगा। बाजार में भीड़ के दौरान अराजक तत्वों पर नकेल कसने के लिए भी प्रबंध किए गए हैं जिसके तहत ड्रेस व सादी वर्दी में पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने आम जनता से भी शांति पूर्ण त्यौहार मनाकर प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा की है।

## पार्किंग की समस्या का हुआ समाधान गांधी पार्क में बनाई अस्थायी पार्किंग

रूद्रपुर। हर त्यौहार पर बाजार क्षेत्र में खरीददारों की भारी भीड़ के साथ ही वाहनों के आवागमन से लोगों के साथ ही दुकानदारों को तमाम परेशानियों से जूझना पड़ता था। इस वर्ष व्यापारी नेताओं की प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ हुई वार्ता में इस समस्या का समाधान करते हुए सभी दो पहिया व चार पहिया वाहनों को बाजार में प्रवेश प्रतिबंधित करते हुए गांधी पार्क में अस्थाई पार्किंग बना दी गई है। जहां वाहन स्वामी अपने वाहन को निःशुल्क पार्क कर सकेंगे। इस निर्णय का सभी ने स्वागत किया है। वहीं त्यौहारी सीजन में बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए व्यापक ट्रैफिक प्लान भी लागू किया जायेगा।





## क्रेजी डेकोर में किचन सामान की लगी सेल

रुद्रपुर। नैनीताल रोड़ पर मैक्स शोरूम के प्रथम तल पर स्थित क्रेजी डेकोर प्रतिष्ठान पर दीपावली के मौके पर ग्राहकों को किचन का सामान कम मूल्यों पर उपलब्ध कराने के लिए विशेष सेल लगाई गई है। प्रतिष्ठान के स्वामी अमित जैन लोहिया ने बताया कि प्रतिष्ठान में किचन में दैनिक उपयोग में काम आने वाले सभी सामान की विशाल रेंज उपलब्ध है। इसके साथ ही सभी देवी देवताओं की संगमरमर पत्थर से बनी आकर्षक प्रतिमाएं, विभिन्न प्रकार की घड़ियां व अन्य सामान उचित मूल्यों में ग्राहकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। अमित जैन ने सभी सम्मानित ग्राहकों से दीपावली के मौके पर लगाई गई सेल का लाभ उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि धनतेरस और दीपावली पर्व के लिए खरीददारी करने आ रहे ग्राहकों में काफी उत्साह दिख रहा है। (advt)

## तलाश गुमशुदा



नाम- सहाना पुत्री स्व० दिलवर खान निवासी वार्ड नम्बर 19 सिरौलीकला थाना पुलभट्टा जनपद उधमसिंहनगर
उम्र - 60 वर्ष, रंग- गोरा,,कद 5 फिट 1 इंच,
हुलिया - दुबला, पतला शरीर
पहनावा - काली स्वाटर, सूट सलवार पहने है।
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सहाना उपरोक्त दिनांक 07/12/2023 को शाम समय लगभग 03.00 बजे से लापता है, जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जिनके गुमशुदा होने के आधार पर थाना हाजा में मु0FIR NO-20/2025धारा 365 भादवि पंजीकृत किया गया है।अगर किसी व्यक्ति को भी उक्त गुमशुदा सहाना के सन्दर्भ में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्न मोबाईल नम्बरों पर सूचना देने की कृपा करें। जानकारी देने वाले को उचित ईनाम दिया जायेगा।

| गुमशुदा के परिजन | विवेचक थाना पुलभट्टा | थानाध्यक्ष थाना पुलभट्टा |
|---|---|---|
| 7668255176 | 8192083947 | 941208860 |

## अनियमितताएं मिलने पर पटाखा गोदाम किए सील

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आतिशबाजी की अवैध भंडारण पर प्रशासन की सख्त निर्देशों के अनुपालन में संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा नगर क्षेत्र में विभिन्न पटाखा दुकानों एवं गोदामों का औचक निरीक्षण किया गया। दल में नगर मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, एसडीएम राहुल शाह तथा मुख्य अग्नि सुरक्षा अधिकारी गौरव करीर शामिल थे। निरीक्षण के दौरान कई पटाखा गोदामों में गंभीर अनियमितताएँ पाई गईं। एक लाइसेंसधारी दुकानदार द्वारा अपनी दुकान के समीप अवैध गोदामों में 1200 किलोग्राम से अधिक पटाखों का भंडारण पाया गया। एक अन्य दुकानदार द्वारा अनुमेय सीमा से अधिक मात्रा में पटाखों का अवैध भंडारण किया गया था। संयुक्त टीम द्वारा अवैध गोदामों को तत्काल सील किया गया तथा लाइसेंस निरस्तीकरण हेतु कारण बताओ नोटिस उप जिलाधिकारी द्वारा विस्फोटक नियमावली, 2008 एवं संबंधित अग्नि सुरक्षा प्रावधानों के अंतर्गत जारी किए जा रहे हैं। निरीक्षण दल में कुलदीप पांडेय तहसीलदार तथा बिंदर पाल सिंह अग्निशमन अधिकारी एवं राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल थे।।



## हवन पूजन के साथ चीनी मिल में पेराई सत्र का शुभारम्भ

किच्छा( उद संवाददाता) ।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अधिशासी निदेशक ए. पी. वाजपेई एवं मुख्य अभियंता दिनेश चंद पांडे के साथ संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना, हवन कर बॉयलर में अग्नि प्रज्वलित करते हुए किच्छा चीनी मिल के वर्तमान पेराई सत्र 2024-25 के प्रथम चरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। सरकार प्रदेश की सभी चीनी मिलों के सुचारू संचालन के लिए उनके आधुनिकीकरण और रिनोवेशन पर विशेष ध्यान दे रही है, जिससे गन्ना किसानों को समय पर भुगतान और बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में किच्छा चीनी मिल में 6 करोड़ रुपए



की लागत से 3 मेगावाट क्षमता की नई टरबाइन की स्थापना की गई है। साथ ही 52 लाख रुपए की लागत से सेंट्रीफुगल मशीन-बी भी लगाई गई है, ताकि पेराई सत्र के दौरान किसी भी प्रकार की तकनीकी बाधा न आए और किसानों का गन्ना निर्बाध रूप से क्रश किया जा सके। पूर्व विधायक ने कहा कि धामी सरकार एवं गन्ना मंत्री बहुगुणा के दूरदर्शी प्रयासों से आज उत्तराखंड की चीनी मिलें आधुनिक तकनीक से लैस हो रही हैं, जिससे किसानों की उत्पादकता और आय दोनों में वृद्धि सुनिश्चित हो रही है। कार्यक्रम में मुख्य रसायनज्ञ आशीष द्विवेदी, अरुण कुमार शुक्ला, मुख्य लेखाकार संजय कुमार पांडे, गन्ना प्रबंधक ऋषिपाल सिंह, प्रेम राज मिश्रा, मनोज कुमार यादव, उदयभान यादव, मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया, संदीप अरोड़ा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जितेंद्र गौतम, सुरेंद्र चौधरी, सुभाष तनेजा, प्रकाश पंत, मूलचंद राठौर, ठाकुर प्रताप सिंह, सुधीर शाही, श्याम सुंदर बिष्ट, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नरेंद्र बागवानी, बिजेंद्र यादव, पूरन भट्ट, देवेंद्र शर्मा, नितिन वाल्मीकि, अमरीक सिंह मंड, रमन कोली समेत समस्त पार्टी पदाधिकारी, चीनी मिल कर्मचारी एवं अधिकारी गण उपस्थित थे।

# नकल, लैंड, लव, थूक जिहादियों को कतई नहीं बख्सा जायेगा : धामी

## सीएम ने किया भाजपा जिला कार्यालय काशीपुर का उद्घाटन

काशीपुर (उद संवाददाता)।प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने काशीपुर पहुंचकर भाजपा जिला कार्यालय काशीपुर का हवन पूजा कर एवं फीता काटकर विधिवत लोकार्पण किया। उन्होने कहा कि काशीपुर भाजपा जिला कार्यालय आज पार्टी पदाधिकारियो व कार्यकत्राओं को समर्पित किया है, यह गौरव की बात है। उन्होने कहा कि कार्यालय बन जाने से पार्टी का कोई भी कार्यक्रम करने के लिए बहुत सुविधा होगी। उन्होने कहा कि इसी तरह अन्य जनपदों में भी भाजपा जिला कार्यालय का निर्माण कराया जा रहा जो हम सबके लिए गौरव की बात है। उन्होने कहा कि हमारी सरकार नकल विरोधी कानून, लव जिहाद, लैंड जिहाद, भू-कानून, कालनेमी कानून लाकर कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होने कहा कि प्रदेश में कानून तोड़ने वालों, नकल, लव, थूक जिहादियो को कतई नही बख्सा जायेगा। उन्होने कहा हाल ही में जनपद हरिद्वार के एक परीक्षा केन्द्र में नकल कराने का प्रकरण सामने आया





था। जिसका तत्काल संज्ञान लेते हुए नकल माफिया को सलाखो के पीछे भेजा गया व एसआईटी जांच करायी, एसआईटी रिपोर्ट आने के बाद तुरन्त परीक्षा को निरस्त किया गया।मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि बहुत से युवा आगे चलकर सरकारी नौकरी में जाने का सपना देख रहे होंगे। मैं, आज आप सभी युवाओं से ये कहना चाहता हूं कि आपकी मेहनत पर अब कोई भी नकल माफिया डाका नहीं डाल सकता। क्योंकि अब उत्तराखंड में देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून लागू है। उन्होंने कहा कि आप सभी को याद होगा कि किस प्रकार पहले धांधली और पेपर लीक होते थे, जिससे प्रदेश के युवाओं का मनोबल टूट रहा था। लेकिन जब से हमने नकल विरोधी कानून लागू किया है, जिसका परिणाम है कि लगभग 26 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी पाने में सफलता प्राप्त हुई है। उन्होने कहा कि हमने बेरोजगारी दर में भी 4.4 प्रतिशत की कमी लाकर राष्ट्रीय औसत को पीछे छोड़ने का काम किया है। उन्होने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य के सर्वागीण विकास के साथ-साथ अपने संस्कृतिक को भी संरक्षित करने का काम किया है।इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, उपाध्यक्ष आपदा प्रबंधन विनय रूहेला, जिलाध्यक्ष मनोज पाल, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर दीपक बाली, जनपद प्रभारी पुष्कर काला, पूर्व मेयर उषा चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, मुकेश कुमार, शंकर कोरंगा, राम मेहरोत्रा, खिलेन्द्र चौधरी, भारत भूषण चुघ, राजेश कुमार, सदस्य जिला पंचायत चरनजीत सिंह, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक अभय सिंह, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, जनता आदि मौजूद थे।

# भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट का रुद्रपुर में जोरदार स्वागत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रुचि भट्ट का प्रथम बार रुद्रपुर आगमन पर भाजपा जिला कार्यालय में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष का पारंपरिक ढंग से स्वागत करते हुए उन्हें फूल मालाएं पहनाई, शॉल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। जैसे ही श्रीमती भट्ट भाजपा कार्यालय पहुंचीं, कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।अपने स्वागत से अभिभूत श्रीमती रुचि भट्ट ने सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा में महिला कार्यकर्ताओं की भूमिका हमेशा से महत्वपूर्ण रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में नारी सशक्तिकरण केवल नारा नहीं, बल्कि हमारी नीति है। प्रदेश महिला मोर्चा के रूप में हमारा लक्ष्य है कि हम हर गांव, हर वार्ड तक पहुंचकर महिलाओं को संगठित करें, उन्हें जागरूक करें और उन्हें पार्टी की मुख्यधारा से जोड़ें। उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग से हम उत्तराखंड में महिला मोर्चा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में महिला मोर्चा की भूमिका निर्णायक होगी और इसके लिए जमीनी स्तर पर कार्य योजना तैयार की जा रही है।कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती विमला मुडेला, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक श्रीमती रश्मि रस्तोगी,आईटी सह प्रभारी श्रीमती स्वाति मिश्रा , श्रीमती नीता सक्सेना, श्रीमती शैली फुटेला, श्रीमती पूनम अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री तरुण दत्ता, जिला कोषाध्यक्ष रोशन अरोरा, विजय तोमर, अक्षय गहलोत, मोर सिंह यादव, सुरेंद्र चौधरी, श्रीमती स्वाति मिश्रा, श्रीमती शालिनी बोरा, श्रीमती प्रीति धीर, श्रीमती स्वाति शर्मा,श्रीमती जानकी तिवारी, श्रीमती शैली फुटेला, श्रीमती अर्चना राय सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।






**सूचना नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Renu (पुराना विवाह से पूर्व नाम) बदलकर अब Renu Devi Bisht (नया नाम) कर लिया है, अतः अब से भविष्य में मुझे Renu Devi Bisht के नाम से जाना व पहचाना जाये।

रेनू देवी बिष्ट पत्नी दिनेश सिंह निवासी ग्राम तरकुली, पो0 रियासी बमन गॉव, जिला चम्पावत, उत्तराखण्ड

# दो दिवसीय विकास खंड स्तरीय विज्ञान महोत्सव सम्पन्न

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। दो दिवसीय विकास खंड स्तरीय विज्ञान महोत्सव का समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी मो. सावेद आलम ने समस्त बाल वैज्ञानिकों को विज्ञान के प्रति अभिरुचि लेने हेतु प्रेरित किया। प्रधानाचार्य डॉ सतीश कुमार ने आए हुए समस्त बाल वैज्ञानिकों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। विज्ञान महोत्सव के अंतर्गत विज्ञान ड्रामा में सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज प्रथम, भाजू राम इंटर कॉलेज द्वितीय तथा कृष्ण मर्चेंट इंटर कॉलेज किच्छा तृतीय रहे।विज्ञान प्रदर्शनी जूनियर वर्ग के विभिन्न विषयों में प्रथम स्थान पर नितेश विश्वास, मंतिषा, महक मंडल, प्रेम सिंह बिष्ट, मेघा बागची, अंकित, रिमशा रहे तथा विज्ञान प्रदर्शनी सीनियर वर्ग के विभिन्न विषयों में प्रथम स्थान पर पल्लवी, साजिया, संदीप सिंह गौतम, इश्तियाक, कृतिका पाठक, इंशा महबूब अंसारी, सुनैना रहे। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र दिए गए। इस दौरान जिला विज्ञान समन्वयक विनीता जगदीश चौधरी, ब्लॉक विज्ञान समन्वयक तारा चंद्र पंत,ब्लॉक विज्ञान सह समन्वयक हिमांशु तिवारी, निर्णायक व विभिन्न कार्यों में सहयोग करने वाले शिक्षकों में भरत सिंह, जगदीश चंद्र जोशी , भारती भारद्वाज, सपना जोशी, प्रभा बर्थवाल, भावना देवी, वैशाली जोशी, गरिमा पांडे, तनुज शर्मा, मोनिका पांडे, ममता तिवारी, गीता पांडे, भुवन चंद्र डूंगरकोटी, ज्योति राणा, राघवेंद्र प्रताप सिंह आदि अन्य शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।



# विवेकानन्द शाखा ने किया सुवर्णप्राशन संस्कार का आयोजन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। बच्चों की बुद्धि, स्मृति, शारीरिक और मानसिक विकास के लिए गान्धी कॉलोनी स्थित श्री तिलकराज कपूर बाल विकास सरस्वती शिशु मन्दिर के बच्चों को भारत विकास परिषद विवेकानन्द शाखा, रुद्रपुर की ओर से सुवर्णप्राशन संस्कार के अन्तर्गत ड्रॉप्स पिलाई गई।शाखा सदस्य व आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. पवन कक्कड़ ने बच्चों को सुवर्णप्राशन की ड्रॉप्स पिलाई।डॉ. कक्कड़ ने बताया कि आयुर्वेद के ऋषि-मुनियों द्वारा वर्णित अनुभूत योग जो बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है साथ ही सर्वांगीण विकास करता है। बच्चों में सुनने, बोलने, समझने आदि शक्तियों का विकास करता है। बच्चों को सर्दी ,जुकाम, मौसमी बीमारियों से बचाता है। एंटीबायोटिक से होने वाले दुष्परिणामों से बचाता है। बच्चो की स्मरण शक्ति और बुद्धि के विकास को बढ़ाता है। बच्चों को हर चीज को याद रखने वाला बनाता है। मानसिक व शारीरिक रूप से कमजोर बच्चों में इनके अनेक चमत्कारिक लाभ मिलते हैं। प्रत्येक 27 दिन बाद आने वाले पुष्य नक्षत्र के दिन भारत विकास परिषद विवेकानन्द शाखा की ओर से यह खुराक निःशुल्क दी जाती है।स्वर्णभस्म, घृत, शहद आदि मिश्रण युक्त इस दवा से बच्चों का मानसिक विकास होता है व उनकी प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है।0 से 16 वर्ष तक के बच्चों को ये खुराक ड्रॉप्स के रुप में दी जाती है।इस अवसर पर परिषद के प्रान्तीय दायित्वधारी संजय राधू, शाखा सदस्य ज्योति कक्कड़, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री गिरधर, शिक्षिकाएँ सावित्री, अनु , सुषमा, बबिता, गीता, नीतू, कुमुद, प्रियंका आदि ने सहयोग किया।



# पूर्व विधायक ठुकराल ने दिवंगत राजेन्द्र कोली के परिवार की मदद को बढ़ाये हाथ

रुद्रपुर। सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने रम्पुरा निवासी दिवंगत राजेन्द्र कोली के निर्धन परिवार की आर्थिक सहायता के लिए पहल की है। उन्होंने मृतक की पत्नी रेखा और उसके पाँच बच्चों को राशन सहित आवश्यक घरेलू सामग्री प्रदान कर मानवीयता का परिचय दिया। इस अवसर पर ठुकराल ने कहा कि राजेन्द्र कोली के असमय निधन से उसका परिवार गहरे संकट में है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, ऐसे में उनकी हरसंभव मदद करना हमारा सामाजिक दायित्व है। मैं आगे भी इस परिवार के सहयोग के लिए तत्पर रहूंगा। ठुकराल द्वारा की गई इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया। इस दौरान रामवती कोली, पूनम कोरी, उषा कोली, माया कोली, रूबी कोली, हेमा कश्यप, पप्पू कश्यप, परमानंद कश्यप, जसवीर कोली, विष्णु कोली, अनिल कोली, राकेश कोली, सतीश कोली, हरिराम कोली और नंदनी कोली समेत अनेक स्थानीय लोगमौजूद रहे।



# रेल पटरी किनारे वृद्धा का शव मिला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह रेलवे ट्रैक किनारे एक वृद्धा का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना मिलने पर जीआरपी व थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा रेलवे फाटक से करीब 200 मीटर लालकुआं की ओर रेल पटरी किनारे एक अज्ञात



महिला का शव बरामद हुआ। मृतका की उम्र लगभग 65 से 75 वर्ष बताई जा रही है।सूचना मिलते ही जीआरपी और सिविल पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया। मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है। वहीं मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा को चैन से नहीं बैठने देगी महिला कांग्रेसः मीना

रुद्रपुर । उत्तराखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और हरिद्वार लोकसभा की प्रभारी श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि वोट चोरी कर आलोकतांत्रिक तरीके से सत्ता पर काबिज होने वाली भाजपा को महिला कांग्रेस चैन से नही बैठने देगी। श्रीमती शर्मा हरिद्वार शहर महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। इस से पूर्व शिवालिक नगर विधानसभा से विधायक का चुनाव लड़े राणा महेंद्र प्रताप सिंह के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में हरिद्वार लोकसभा की प्रभारी श्रीमती शर्मा और सुनीता कश्यप का शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता जोशी के नेत्रत्व में दर्जनों महिलाओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने हस्ताक्षर अभियान में प्रतिभाग किया।



# गदरपुर सर्राफा बाजार में धूम मचा रहा श्री गुरु ज्वैलर्स

## दो भाइयों की दुकान ग्राहकों के बीच बनी विश्वास की पहचान

गदरपुर। शहर के सर्राफा बाजार में स्थित श्री गुरु ज्वैलर्स ने अपने व्यवसाय को आधुनिकता और विश्वास की नई मिसाल के रूप में स्थापित किया है। दीपावली के अवसर पर जहां चारों ओर बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है, वहीं श्री गुरु ज्वैलर्स ने ग्राहकों के लिए ऐसी विशेष सुविधा शुरू की है, जो गदरपुर क्षेत्र में पहली बार देखने को मिल रही है। अब इस प्रतिष्ठान पर विदेशी तकनीक से युक्त आधुनिक मशीन के माध्यम से सोना और चांदी की शुद्धता की जांच की जा सकती है। श्री गुरु ज्वैलर्स के स्वामी अभिषेक वर्मा ने बताया कि ग्राहकों के विश्वास और सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनके प्रतिष्ठान पर हॉलमार्क सेंटर द्वारा प्रमाणित जांच मशीन लगाई गई है। इस मशीन की मदद से ग्राहक अपने सोने-चांदी के गहनों की शुद्धता तुरंत जांच सकते हैं। इससे ग्राहकों को गहनों की गुणवत्ता के प्रति पारदर्शिता और भरोसा सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल गहने बेचना नहीं, बल्कि विश्वास और संतुष्टि के साथ सेवा देना है। श्री गुरु ज्वैलर्स गदरपुर का एक ऐतिहासिक और प्रतिष्ठित नाम है। इस प्रतिष्ठान की स्थापना वर्ष 1960 में स्वर्गीय कश्मीर लाल वर्मा जी द्वारा की गई थी। स्व. वर्मा जी ने अपनी मेहनत, ईमानदारी और गुणवत्तापूर्ण सेवा के बल पर इस दुकान को गदरपुर ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध बना दिया। उनके पुत्र मनमोहन वर्मा ने पिता की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए व्यवसाय को और अधिक सुदृढ़ किया। अब आधुनिक युग में इस प्रतिष्ठान की कमान अभिषेक वर्मा और प्रतीक वर्मा ने संभाली हुई है। दोनों युवा उद्यमी आधुनिक व्यापारिक सोच और तकनीकी दृष्टिकोण के साथ श्री गुरु ज्वैलर्स को नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर कर रहे हैं। उन्होंने अपने प्रतिष्ठान को समय के साथ अपडेट करते हुए पारंपरिक सर्राफा व्यवसाय को एक आधुनिक रूप दिया है। अभिषेक वर्मा ने बताया कि अब ग्राहक यहां सोना, चांदी, हीरा और अन्य कीमती रत्नों से बने आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला में से अपनी पसंद के अनुसार गहने चुन सकते हैं। सभी आभूषण हॉलमार्क प्रमाणित हैं और उच्च गुणवत्ता वाले हैं। प्रतीक वर्मा ने कहा कि गदरपुर और आस-पास के क्षेत्रों जसपुर, रुद्रपुर, किच्छा, बाजपुर आदि से बड़ी संख्या में ग्राहक उनके प्रतिष्ठान पर खरीदारी के लिए आते हैं। ग्राहकों ने भी बताया कि श्री गुरु ज्वैलर्स की सबसे बड़ी विशेषता उनकी ईमानदारी, पारदर्शिता और ग्राहकों के साथ आत्मीय व्यवहार है। यहां की टीम हर ग्राहक को परिवार जैसा मानकर सेवा देती है। इसी वजह से श्री गुरु ज्वैलर्स ने न केवल गदरपुर में, बल्कि पूरे कुमाऊं क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम के रूप में अपनी पहचान बनाई है। अभिषेक वर्मा ने कहा कि आने वाले समय में वे अपने प्रतिष्ठान को और आधुनिक बनाते हुए ऑनलाइन सेवाओं की दिशा में भी कदम बढ़ाएंगे, ताकि ग्राहक घर बैठे अपनी पसंद के गहनों की जानकारी और बुकिंग कर सकें। उन्होंने सभी ग्राहकों को आगामी दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री गुरु ज्वैलर्स का उद्देश्य हमेशा से गुणवत्ता में विश्वास, सेवा में समर्पण और रिश्तों में अपनापन का रहा है।




कुंज विहार निवासी संजीव चौधरी ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से श्री गुरु ज्वेलर्स से गहनों की खरीदारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें आज तक कभी भी किसी प्रकार की शिकायत का मौका नहीं मिला। यहां के गहनों की गुणवत्ता, उचित मूल्य और ग्राहकों के प्रति सम्मानपूर्ण व्यवहार ही इस प्रतिष्ठान की पहचान है। संजीव चौधरी ने कहा कि श्री गुरु ज्वेलर्स ने अपने ग्राहकों का जो विश्वास जीता है, वही उनकी असली पूंजी है।



सकैनिया रोड निवासी पंकज गगनेजा ने बताया कि श्री गुरु ज्वेलर्स एक भरोसेमंद प्रतिष्ठान है। उन्होंने कहा कि वे कई वर्षों से इस दुकान से सोना और चांदी के गहने खरीदते आ रहे हैं। यहां न केवल गहनों की गुणवत्ता उत्कृष्ट होती है, बल्कि दरों में भी पूरी किफायत रहती है। पंकज गगनेजा ने बताया कि श्री गुरु ज्वेलर्स के स्वामी ग्राहकों के साथ ईमानदारी और पारदर्शिता से व्यवहार करते हैं, जिसके कारण ग्राहकों में उनके प्रति गहरा विश्वास कायम है।



## गुरू ज्वैलर्स पर ग्राहकों की उमड़ी भीड़

गदरपुर। दीपावली के त्यौहार को लेकर इस बार बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। श्री गुरु ज्वेलर्स के स्वामी अभिषेक वर्मा और प्रतीक वर्मा ने बताया कि इस वर्ष भी ग्राहकों ने उन्हें भरपूर प्यार दिया है। दिवाली से पहले ही उनकी दुकान से सोने और चांदी के अधिकांश गहने बिक चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस समय बाजार में सोना और चांदी दोनों की भारी मांग बनी हुई है, जिससे अधिकांश ज्वेलर्स के पास स्टॉक लगभग समाप्त हो गया है।अभिषेक वर्मा ने बताया कि बढ़ती मांग और सीमित आपूर्ति के कारण नए स्टॉक की उपलब्धता मुश्किल हो गई है। ऐसे में उन्होंने अपने पुराने और नियमित ग्राहकों के लिए विशेष रूप से चांदी की अतिरिक्त व्यवस्था की है ताकि उनके ग्राहकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।प्रतीक वर्मा ने कहा कि इस बार दिवाली पर गहनों की बिक्री ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। ग्राहकों की बढ़ती रुचि और विश्वास के चलते उनकी दुकान पर लगातार भीड़ बनी हुई है। उन्होंने ग्राहकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके प्यार और विश्वास का ही परिणाम है कि हर साल दिवाली के अवसर पर श्री गुरु ज्वेलर्स की बिक्री नई ऊंचाइयों को छू रही है।






# बंग समाज ने की श्री गुरु चांद ठाकुर स्मृति सहायता कोष राशि बढ़ाने की मांग




रुद्रपुर (उद संवाददाता)।बंग समाज के एक शिष्टमंडल ने दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता के नेतृत्व में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके खटीमा दौरे के दौरान मुलाकात की। शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री श्री धामी के समक्ष बंग समाज की विभिन्न मांगों के साथ साथ ष्श्री गुरु चांद ठाकुर स्मृति सहायता कोषष की सहायता राशि को 2 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 10 करोड़ किए जाने की मांग रखी गई, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार करते हुए इसे मुख्यमंत्री घोषणा में सम्मिलित करने के लिए जिलाधिकारी को निर्देशित किया। प्रतिनिधिमंडल में उत्तराखंड बंगाली कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी, शंकर चक्रवर्ती उपाध्यक्ष, श्री गुरु चंद ठाकुर स्मृति सहायता कोष समिति, समीर राय पूर्व अध्यक्ष, बंगाली कर्मचारी उन्नयन समिति, सत्यजीत मीडिया प्रभारी, बंगाली कल्याण समिति उपस्थित रहे। श्री अधिकारी ने इस महत्वपूर्ण घोषणा के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बंग समाज की ओर से हृदय से आभार व्यक्त किया। साथ ही इस घोषणा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिलाधिकारी नितिन भदौरिया का भी विशेष धन्यवाद एवं अभिनंदन किया।













## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# खतरनाक रसायनों का इस्तेमाल

किसी भी रोग की दवा से लेकर रसायनों के मिश्रण से तैयार हर वह पदार्थ हमेशा ही संबंधित एजंसियों की निगरानी के दायरे में होना चाहिए, जो इंसानी सेहत के लिए जोखिम का कारक बन सकते हैं। हालांकि सरकार के मातहत इसके लिए बाकायदा एक तंत्र है, लेकिन इसके बावजूद बाजार में ऐसी दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों की बिक्री खुलेआम होती रहती है, जिनके उपयोग के बाद स्वास्थ्य कई तरह के जोखिम के दायरे में आ जाता है।ऐसा नहीं है कि इस तरह के खतरनाक रसायनों के इस्तेमाल पर रोक के लिए कानून नहीं हैं, लेकिन या तो वे अपर्याप्त हैं या फिर उन्हें सख्ती से लागू करने को लेकर सरकारी एजंसियों के भीतर कोई इच्छाशक्ति नहीं है। यह बेवजह नहीं है कि ऐसी दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों के इस्तेमाल से कई बार नाहक ही लोगों की मौत होने या स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचने की खबरें आती रहती हैं। तो सरकार को इससे संबंधित नियम-कायदों को पहले ही सख्ती से लागू करना चाहिए था, लेकिन अब नए सिरे से नकली या जोखिम का वाहक बनने वाली दवाओं और नुकसानदेह सौंदर्य प्रसाधनों पर नकेल कसने की तैयारी हो रही है।दरअसल, हाल ही में कुछ राज्यों में खांसी की दवा पीने से कई बच्चों की मौत की खबरें आईं और इससे हर तरफ चिंता पैदा हुई। अब केंद्र सरकार दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों की सख्त गुणवत्ता जांच और निगरानी के लिए कानून लाने जा रही है। इस संबंध में 'औषधि, चिकित्सा उपकरण और सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 2025' का मसविदा संसद के आगामी सत्र में पेश किया जा सकता है। देश भर में आए दिन नकली दवाओं की बिक्री और उससे पैदा खतरों को लेकर सवाल उठते रहते हैं।अगर कभी कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तब थोड़ी सख्ती और कार्रवाई होती दिखती है। मगर आमतौर पर कार्रवाई के दायरे में निचले स्तर के कुछ कर्मचारी या अधिकारी ही आते हैं। मामला शांत होने के बाद फिर दवाओं के निर्माण को लेकर गुणवत्ता और तय कसौटियों में व्यापक लापरवाही बदस्तूर जारी रहती है। इसी के मद्देनजर विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ-साथ विश्व भर के कई बड़े स्वास्थ्य नियामकों की ओर से भारतीय दवा निर्माताओं की गुणवत्ता संबंधी गंभीर खामियों को लेकर बार-बार शिकायतें और चिंता दर्ज कराई गई। मगर ऐसा लगता है भारत में सरकार और दवा कंपनियों की नींद तब तक नहीं खुलती, जब तक कोई बड़ा नुकसान नहीं हो जाता और कुछ लोगों की जान नहीं चली जाती। ऐसी दवाओं के बारे में भी खबरें आती रहती हैं, जो दूसरे कुछ देशों में प्रतिबंधित होती हैं, लेकिन यहां वे धड़ल्ले से चिकित्सकों के परामर्श तक में शामिल दिख जाती हैं। इसी तरह, सौंदर्य प्रसाधनों में कई ऐसे हैं, जिनमें हानिकारक रसायन मिले होते हैं और वे दीर्घकालिक तौर पर शरीर या इसके खास हिस्से को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। मगर बिना किसी निगरानी और जांच-परख के नकली दवाओं से लेकर सौंदर्य प्रसाधनों के उत्पाद खुले बाजार में खरीदे-बेचे जाते रहते हैं। दूसरी ओर, लोगों के बीच भी अपने स्तर पर किसी उत्पाद या दवा की जांच कराने की सुविधा से लेकर अपेक्षित जागरूकता का अभाव देखा जाता है। अब यह देखने की बात होगी कि इस संबंध में प्रस्तावित कानून किस रूप में सामने आता है और सरकार के संबंधित महकमे जोखिम का वाहक बनने वाली दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों की बिक्री और उत्पादन पर रोक लगाने के लिए कैसी इच्छाशक्ति के साथ काम करते हैं।

# उत्तरकाशी में थूक लगाकर तंदूर में रोटियां सेकने के घिनौने कृत्य का वीडियो वायरल

## विहिप और बजरंद दल के युवाओं ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा

उत्तरकाशी। देवभूमि मानी जाती ये पावन धरती एक बार फिर से थूक जिहाद का शिकार हुई है। एक रेस्तरां के खानसामे द्वारा थूक लगाकर तंदूर में रोटियां सेकने के घिनौने कृत्य का वीडियो वायरल होने के बाद हिन्दू संगठनों में गुस्सा गहराया हुआ है। जानकारी के मुताबिक बाजार पुलिस चौकी के पास जायका रेस्तरां नाम के प्रतिष्ठान का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें तंदूर पर रोटी बनाने वाला युवक रोटियों में थूक लगा कर उन्हें सेक रहा है। ये खबर फैलते ही विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के युवक एकत्र होकर उक्त रेस्तरां में पहुंचे और उक्त युवक जिसका नाम अदनान बताया जा रहा है को पकड़ा और पुलिस के हवाले कर उसके खिलाफ कानूनी कारवाई करने की मांग करने लगे। हिंदू संगठनों ने इस घटना पर गुस्सा जाहिर करते हुए खूब हंगामा किया जिसके बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति भी देखी गई। काशीनगर मानी जाती इस पावन धरा में किए गए इस घिनौने कृत्य के आरोपी के





खिलाफ पुलिस प्रशासन ने कारवाई करते हुए उसे कस्टडी में ले लिया। प्रशासन ने तत्काल रेस्तरां स्वामी के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया। इस घटना के बाद उत्तरकाशी में भय के कारण मुस्लिम समुदाय की दुकानें बंद रही। हिंदू संगठनों ने इस घटना को थूक जिहाद बताते हुए ऐसे तत्वों को उत्तरकाशी से ही नहीं अपितु राज्य से बाहर खदेड़ने की आवाज बुलंद की। एसपी सरिता डोभाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कानूनी करवाई की जा रही है और यहां रहने वाले बाहरी लोगों का सत्यापन भी कराया जाएगा। जानकारी के अनुसार इस मामले में जायका रेस्तरां के फूड लाइसेंस को भी रद्द किए जाने की संस्तुति की गई है। उल्लेखनीय है इससे पहले भी बागेश्वर में मेले के दौरान रोटियों में थूक लगाने और मसूरी में चाय में थूक फेंकने की घटना हुई थी,जिसे धामी सरकार ने गंभीरता से लेते हुए खाद्य सुरक्षा संबंधी कड़े नियम और कानून राज्य में लागू किए थे।

# दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति में बोनस वितरित

किच्छा (उद संवाददाता)।दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड राघवनगर में 2024-25 के बोनस वितरण समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला उपस्थित रहे।सर्वप्रथम गांव पहुंचने पर ग्राम प्रधान वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने फूल मालाओं से स्वागत किया तथा ढोल-नगाड़ों की धुन पर जोरदार अभिवादन किया। तत्पश्चात आयोजित समारोह में अतिथियों द्वारा समस्त दुग्ध उत्पादकों को बोनस वितरित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने कहा कि दुग्ध उत्पादक हमारे ग्रामीण अर्थतंत्र की रीढ़ हैं। प्रदेश सरकार किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। ऐसे आयोजनों से ग्राम स्तर पर आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलता है।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि दुग्ध सहकारी समितियाँ ग्रामीण स्वावलंबन का सशक्त माध्यम हैं। किसानों को बोनस वितरण के माध्यम से



उनकी मेहनत का सम्मान हुआ है। प्रदेश की धामी सरकार हर वर्ग के हित में ठोस कार्य कर रही है।कार्यक्रम को आंचल दुग्ध के प्रबंध निदेशक राजेश मेहता दुग्ध संघ संचालक इंद्र मेहता ग्राम प्रधान वीरेंद्र यादव ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम में समिति सचिव धर्मेंद्र मणि त्रिपाठी एवं अध्यक्ष धर्मेंद्र कुशवाहा ने पूरे 1 वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और बताया कि समिति को वर्ष 2024- 25 में 235834 का शुद्ध लाभ हुआ है। समिति के दुग्ध उत्पादक प्रथम पुरस्कार संजय राय, द्वितीय पुरस्कार जंगी वर्मा एवं तृतीय पुरस्कार शंभू नाथ को अतिथियों ने बोनस की धनराशि एवं बाल्टी देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में राघव नगर दुग्ध उत्पादक सरकारी समिति लिमिटेड के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुशवाहा, उपाध्यक्ष आनंद कुमार, सदस्य रामेश्वर यादव, रघुनाथ, भगवान सिंह, सांवरी देवी, हरिश्चंद्र कुशवाहा, प्रभारी मंत्री गणेश जोशी के प्रतिनिधि जितेंद्र गौतम, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष मयंक तिवारी, अखिलेश यादव, संजय कुशवाहा, उदयभान कुशवाहा, परमेश्वर राजभर, सहकारी समिति संचालक नरेंद्र मणि त्रिपाठी, वंदना कुशवाहा, रामपाल यादव, सोनम यादव, गोपाल, धनुष, राम ध्यान, उद्धव ,अंकित, महावीर ,संजय ,सोनू शर्मा, राज बलम, रामदास, शेर बहादुर, हरदेव, प्रेमा देवी, वीरेंद्र समेत समस्त पदाधिकारियों, ग्रामीणों एवं दुग्ध उत्पादकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# महिला कांग्रेस में शिल्पी अरोरा को मिली बड़ी जिम्मेदारी

गदरपुर(उद संवाददाता)। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस ने शिल्पी अरोरा को मुंबई एवं महाराष्ट्र प्रदेश महिला कांग्रेस के लिए अखिल भारतीय महिला कांग्रेस पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के साथ ही शिल्पी अरोरा को संगठन को मजबूत करने और पार्टी की विचारधारा को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिल्पी अरोरा को तुरंत एक फील्ड रिपोर्ट तैयार करने और मुंबई एवं महाराष्ट्र प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष से संपर्क स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। उनसे अपेक्षा की है कि वे अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण समर्पण, परिश्रम और प्रभावशीलता के



साथ निभाएंगी। अलका लांबा ने कहा कि शिल्पी अरोरा को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए पूरी स्वतंत्रता होगी और उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने शिल्पी अरोरा की नियुक्ति पर विश्वास व्यक्त किया है कि वे अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगी। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मूल्यों और विचारधारा को बनाए रखने, संगठन को मजबूत करने और अनुकरणीय प्रतिबद्धता एवं निरंतरता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शिल्पी अरोरा की क्षमता पर पूरा विश्वास है। इस नियुक्ति के साथ ही, महिला कांग्रेस को एक मजबूत और अनुभवी नेतृत्व मिलने की उम्मीद है।

# लखनऊ से खरीदे 8 लाख के धान का गबन, रिपोर्ट दर्ज

सितारगंज(उद संवाददाता)।नानकमत्ता के ध्यानपुर में संचालित आशीर्वाद राइस मिल फर्म ने कमीशन एजेंटों के माध्यम से लखनऊ के आईटीबी कंपनी से 8 लाख का धान खरीदा था। जिसे कमीशन एजेंटों ने दूसरी जगह भेज कर गबन कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। नानकमत्ता के ध्यानपुर नगला में संचालित आशीर्वाद राइस मिल के पार्टनर पवन कुमार पुत्र पुरुषोत्तम लाल ने पुलिस को दी तहसील में आरोप लगाया है कि उनकी फर्म ने 26 अगस्त को आईटीबी कंपनी लखनऊ से धान खरीदा था। धान को कंपनी के गोदाम सरकड़ा से कमीशन एजेंट आशीष और सुरेंद्र शर्मा द्वारा ट्रक संख्या एचआर38ई0777 में लादा गया। ट्रक में 944 बोरे थे। जिनका वजन 331 कुंतल 80 किलो ग्राम अंकित था। उन्होंने आरोप लगाया कि 846090 रुपए कीमत के धान को दूसरी जगह भेज कर उनके साथ गबन किया गया है। उन्होंने कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# अधिशासी अधिकारी प्रियंका रैखवाल ने संभाली कमान

शक्तिफार्म। नगर पंचायत शक्तिगढ़ में गुरुवार को प्रियंका रैखवाल ने नई अधिशासी अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। पूर्व अधिशासी अधिकारी सुनील महर के स्थानांतरण के पश्चात प्रियंका रैखवाल ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर अपनी जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल, सभासदों एवं नगर कर्मियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्नेहपूर्वक स्वागत किया। पदभार ग्रहण के बाद अधिशासी अधिकारी प्रियंका रैखवाल ने कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना, अतिक्रमण पर नियंत्रण करना और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता रहेगी। नगर को एक मॉडल पंचायत के रूप में विकसित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नगर की सुंदरता और सफाई केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। इसके लिए जनसहयोग को अहम बताते हुए उन्होंने कहा कि नागरिकों के सहयोग से ही शक्तिगढ़ को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और विकसित बनाया जा सकता है। अधिशासी अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाया जाएगा। चेयरमैन सुमित मंडल ने कहा कि प्रियंका रैखवाल जैसी ऊर्जावान अधिकारी के आने से नगर के विकास कार्यों में नई तेजी आएगी। उनकी कार्यशैली निश्चित ही नगर पंचायत को एक नई पहचान दिलाएगी। इस अवसर पर सभासद विक्रम सिंह भंडारी, गोविंद सरकार, सुबीर सरकार, देवाशीष पोद्दार, गोविंद पोखरिया समेत अनेक जनप्रतिनिधि और कर्मचारी उपस्थित रहे।




# वोट चोरी कर सरकार बनाने वाली भाजपा बेनकाब: मीना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्षश्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि वोट चोरी कर सरकार बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी अब पूरी तरीके से बेनकाब हो चुकी है, देश की जनता इनके मंसूबों को समझ चुकी है,कांग्रेस भी इस मामले में चुप बैठने वाली नहीं है, श्रीमती शर्मा हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष अंजू मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम की समीक्षा कर रही थी । इससे पूर्व यहां पहुंचने पर श्रीमती शर्मा सहित उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव और प्रभारी सुनीता कश्यप का महिला कांग्रेस पदाधिकारीओ और कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया । बाद में श्रीमती शर्मा सहित दर्जनों अन्य कांग्रेस पदाधिकारीओ और कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम में भाग लिया । इधर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ



उपाध्यक्ष और हरिद्वार लोकसभा की प्रभारी श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड प्रदेश में हमारी ऊर्जावान प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम को चलाया जा रहा है,जिसमें बड़ी संख्या में लोग हस्ताक्षर अभियान से जुड़ रहे हैं। इस अवसर पर महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष लता जोशी सहित प्रदेश महासचिव शशी झा, नलिनी दीक्षित, अंजू द्विवेदी, ग्रेस कश्यप, सरस्वती राघव ,रचना शर्मा, बिंदु शर्मा, सहित बड़ी संख्या में अन्य महिलाएं उपस्थित थीं । बाद में जिला अध्यक्ष अंजू मिश्रा ने सभी का धन्यवाद दिया ।

# नजीबाबाद में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति

## 4.86 करोड़ की लागत से केंद्र में चिकित्सालय के साथ आवासीय भवन भी बनेगा: बेहड़

किच्छा। क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री तिलक राज बेहड़ ने प्रेस वार्ता में बताया कि उनके चार वर्षों के प्रयासों से नजीबाबाद में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए जाने की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। 4.86 करोड़ की लागत से इस केंद्र में चिकित्सालय भवन के साथ आवासीय भवन भी बनाया जाएगा। सरकार ने इसकी प्रथम किस्त 1.14 करोड़ भी स्वीकृत कर दी है। उन्होंने बताया कि इससे क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवों को प्राथमिक उपचार की बड़ी राहत मिलेगी, जिन्हें अब तक आपात स्थिति में किच्छा या शक्तिफार्म जाना पड़ता था। उन्होंने बताया कि चार वर्षों की कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयासों के बाद वह कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों को मूर्तरूप देने में सफल हुए हैं, जिन्हें पिछले दस वर्षों तक नजरअंदाज किया गया था।बेहड़ ने बताया कि वह किच्छा में लड़कियों के लिए नया इंटर कॉलेज खोलना चाहते थे, लेकिन सरकार ने फिलहाल जीजीआईसी के पुराने भवन के नव निर्माण को मंजूरी दी है, जिसकी लागत करीब 6 करोड़ होगी और पत्रावली वित्त विभाग को भेज दी गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि उनका सपना था कि किच्छा में रुद्रपुर की तर्ज पर एक भव्य कम्युनिटी हॉल बने। इसकी पत्रावली मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल हो चुकी है और जल्द ही स्वीकृति मिलने की उम्मीद जताई। बेहड़ ने जानकारी दी कि किच्छा में फायर ब्रिगेड स्टेशन की लंबे समय से मांग की जा रही थी, जिसे अब



नाबार्ड की सहमति मिल चुकी है। इसके अलावा सिडकुल नगला रोड, जो वर्षों से लटकी हुई थी, उसे अब पीडब्ल्यूडी विभाग को सौंप दिया गया है और कैबिनेट में इसका प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है। बेहड़ ने कहा कि शिमला-कुरैंय्या मार्ग, जो बहुगुणा सरकार के समय उनके प्रयासों से बना था और अब क्षतिग्रस्त है, उसके पुनर्निर्माण की स्वीकृति की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। वहीं, पंतनगर की क्षतिग्रस्त सड़कों के एस्टीमेट शासन को भेजे जा चुके हैं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन कार्यों को 6 चरणों में करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि किच्छा में स्टेडियम निर्माण की मांग उन्होंने कई बार मुख्यमंत्री से की है और इसके लिए पत्राचार भी किया है। इसके अलावा गल्ला मंडी पुल और बंडीया पुल के लिए भी पत्रावली बनकर तैयार है और एक पुल की प्रथम चरण की स्वीकृति मिल गई है। गल्ला मंडी पुल पूर्व में मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल था, जिसे अब फिर से सक्रिय करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक बेहड़ ने बताया कि आदित्य चौक से दीनदयाल चौक तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य अगले माह शुरू होने की उम्मीद है। इसके अलावा किच्छा रेलवे स्टेशन से काली मंदिर और बाईपास से खुरपिया तक सड़क चौड़ीकरण की योजना का एस्टीमेट शासन को भेजा जा चुका है, और जल्द ही इस पर भी काम शुरू होगा। बेहड़ ने नजीबाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का आभार जताया। उन्होंने विशेष रूप से बखपुर ग्रामसभा, सूर्यनगर, नजीबाबाद, तिलियापुर, गऊघाट, डम्पी फार्म, कोटखर्रा और दीवानझाला के निवासियों को बधाई दी, जिन्हें इस अस्पताल का सबसे अधिक लाभ मिलेगा। बेहड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद सभी विधायकों से 10 घोषणाएं मांगी गई थीं, जिनमें से दो ख्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और फायर स्टेशन पर काम शुरू हो चुका है, जबकि अन्य घोषणाओं पर भी शीघ्र स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।

# मॉडल कालोनी में मची दीपावली मेले की धूम

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मॉडल कॉलोनी शिव मंदिर पार्क में दीपावली मेले का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमोद मित्तल, महेश छावड़ा और हनुमान बिंदल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मेले में विभिन्न प्रकार के खान-पान के स्टॉल, फैंसी आइटम के स्टॉल और दिये वगैरा के स्टाल लगाए गए थे। बच्चों के लिए झूले, सरप्राइज गिफ्ट मुख्य आकर्षण का केन्द्र था। कॉलोनी के बच्चों द्वारा स्टेज पर सोलो डांस का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का शिव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु बंसल, महामंत्री बंटू बांगा, कोषाध्यक्ष विजय अग्रवाल और अतिथियों द्वारा फीता काट कर उद्धघाटन किया गया।मेले के संयोजक श्रीमती सुषमा अग्रवाल, राजेंद्र गोयल और जगदीश सिंगल थे। सेंटर स्टॉल का संचालन सुषमा अग्रवाल और मंच का संचालन बंटू बांगा द्वारा किया गया। विजेताओं को प्रथम द्वितीय तृतीय और चतुर्थ पुरस्कार दिए गए। जबकि 20 सांत्वना पुरस्कार केशव सिंगला और वीना सिंगला के द्वारा दिये गये। मेले में मेयर विकास शर्मा,सुनील ठुकराल, संजय ठुकराल, राजकुमार ठुकराल, श्याम बंसल, फूलचंद अग्रवाल, सुशील घीक, ताराचंद अग्रवाल, जय भगवान जैन, प्रदीप अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, हरवीर चौधरी, नीरज गुप्ता, अंकित गुप्ता, अंकुर मित्तल, वरुण अग्रवाल, मनोज खेडा, कान्ता ग्रोवर, सुषमा मिड़ा, इंदु कालरा, कंचन घीक आदि उपस्थित थे।



# जमीन के सौदे को लेकर 3.32 करोड़ की ठगी

रुद्रपुर। जमीन सौदे के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें रुद्रपुर निवासी अतुल छाबड़ा ने चार लोगों पर मिलकर 3.32 करोड़ की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने लिखित शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी थी, एसएसपी के आदेश के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसएसपी से की गयी शिकायत के मुताबिक अतुल छाबड़ा ने 1 मार्च 2024 को ग्राम जगतपुर भूरारानी, रुद्रपुर स्थित 2266.66 वर्ग गज (लगभग 0.1896 हेक्टेयर) जमीन खरीदने के लिए 5.15 करोड़ रुपये में सौदा किया था। यह भूमि खसरा नंबर 16/1/1 व 19/1 मिन में दर्ज है, जिसका सौदा एक कंपनी के डायरेक्टर के माध्यम से किया गया।भूमि के मालिक आनंद प्रकाश धवन, ओम प्रकाश धवन और राजेन्द्र धवन द्वारा कंपनी को भूमि का कालोनाइजर नियुक्त किया गया था। सौदे के तहत अतुल छाबड़ा ने अब तक 2.85 करोड़ से अधिक नकद और 47 लाख से अधिक चेक व आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि भूमि रजिस्ट्री की तय तिथि पर जब वह रजिस्ट्रार कार्यालय पहुँचे, तो न तो भूमि मालिक और न ही अन्य कोई वहाँ उपस्थित हुए। कई बार प्रयासों के बावजूद जब रजिस्ट्री नहीं हो सकी, तब 2 नवंबर 2024 को एक एग्रीमेंट हुआ, जिसमें 20 नवंबर तक रजिस्ट्री कराने का वादा किया गया था। इसके बाद भी जब रजिस्ट्री नहीं हुई तो 1 मई 2025 को एक रजिस्टर्ड एग्रीमेंट हुआ, जिसमें 5.15 करोड़ की भूमि कीमत अंकित की गई और कंपनी डायरेक्टर ने 25 जून 2025 तक रजिस्ट्री कराने का वायदा दिया। लेकिन वह भी पूरा नहीं किया गया। चार चेक, जिनकी कुल राशि 12.62 करोड़ थी, सिक्योरिटी के तौर पर दिए गए, लेकिन वे सभी बाउंस हो गए। पीड़ित के अनुसार कंपनी डायरेक्टर द्वारा उसे एलॉटमेंट लेटर और पजेशन लेटर भी दे दिया गया था। पीड़ित के मुताबिक 7 सितम्बर 2025 को भूमि पर बाउंड्री कराने पहुँचे, तो आनंद धवन और सौरभ धवन ने प्रार्थी की लेबर से मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि इस पूरे प्रकरण में कंपनी डायरेक्टर और तीनों भूमि मालिकों की मिलीभगत से उसे धोखा दिया गया है और 3.32 करोड़ रुपये हड़प लिए गए हैं। साथ ही, यह भी बताया गया कि ये लोग अन्य लोगों के साथ भी इसी तरह की धोखाधड़ी कर चुके हैं। अतुल छाबड़ा ने कंपनी डायरेक्टर के अलावा आनंद प्रकाश धवन, ओम प्रकाश धवन और राजेन्द्र धवन के खिलाफ कड़ी पुलिस कार्रवाई की मांग करते हुए, न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# वरिष्ठ समाजसेवी अमरनाथ जैन का निधन



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी अमर नाथ जैन का आज प्रातः निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही शहर में शोक की लहर व्याप्त हो गई और भारी संख्या में लोग शोक संवेदना व्यक्त करने उनके आवास पहुंचे। नगर के समाजसेवी पुष्कर राज जैन, राजेश जैन व श्यामसुन्दर जैन के पिता अमरनाथ जैन पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। अग्र समाज के प्रति समर्पित स्व. अमरनाथ जैन सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़चढ़ कर सहयोग किया करते थे।

# एएनके इंटर कालेज में चला जागरूता अभियान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। एएनके इंटर कालेज गूलरभोज में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उ सि नगर के जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव योगेन्द्र कुमार सागर के नेतृत्व मे अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस पर स्कूली बच्चों को जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें डिफेंस चीफ काउंसिल मो० मिराज, पैनल अधिवकता राकेश कुमार सुखीजा एवं प्राविधिक कार्यकर्ता राजकुमारी मीना कुवंर सिंह एसडीआरएफ टीम उपस्थित द्वारा स्कूल के विद्यार्थीयों को आपदा बचाओ की जानकारियॉ दी गई। जिसमें सचिव द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओ के अनतर्राष्ट्रीय आपदा दिवस पर आपदा बचाव, नशे के दुष्परिणामो, शिक्षा एवं विभिन योजनाओं की जानकारी दी गई और



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निकलने वाली नि:शुल्क विधिक सेवाओ की जानकारी व नालसा टोल फ्री नं0 15100 की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उ०सि० नगर द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओ शिक्षकगण व कर्मचारीगण के जिला उधम सिंह नगर की एसडीआरएफ की टीम के द्वारा आपदा प्रबन्धन एवं बचाव के सम्बन्ध में परिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे एसडीआरएफ के टीम के सदस्य हेड कॉस्टेबल सुरेश बहुगुणा, कॉस्टेबल प्रकाश महेता, कॉस्टेबल रोहित परिहार, पैरामोडिक्स नीरज पंत, होमगार्ड अरूण कुमार, भूपेन्द्र कन्याल अरविन्द भण्डारी द्वारा मॉक ड्रिल के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

# किसान के धान की घटतौली,बाट माप निरीक्षक ने शुरू किया सत्यापन

सितारगंज(उद संवाददाता)। किसान के धान की घटतोली का मामला प्रकाश में आने के बाद जिम्मेदारों में हड़कंप मच गया है। किसान के पास मौजूद दो धर्मकांटे की पर्चियां सोशल मीडिया में वायरल हुई हैं। इसके बाद बाट माप निरीक्षक ने निजी धर्मकांटे का सत्यापन की कार्रवाई शुरू कर दी है। बृहस्पतिवार को पीलीभीत रोड निवासी किसान और भिटौरा निवासी सलीम ने कृषि उत्पादन मंडी समिति में ट्रैक्टर ट्राली में लादे धान का धर्मकांटा कराया था। जिसमें 16 अक्टूबर समय करीब 4:59 मिनट 39 सेकेंड पर वजन 122 कुंतल 55 किग्रा अंकित किया गया। इसकी पर्ची किसान के पास मौजूद थीं। इसके बाद किसान धान लेकर पीलीभीत रोड के पिपलिया गांव के निकट संचालित धर्मकांटे पर पहुंचा। यहां धर्मकांटे पर 16 अक्टूबर को वजन 86 कुंतल दर्शाकर किसान के हाथ में धर्म कांटे की पर्ची थमा दी गई। जिसे देखकर किसान के होश उड़ गए। घटतोली का प्रकरण सामने आने पर हड़कंप मच गया। इस दौरान सोशल मीडिया पर मामला वायरल हो गया। बाट माप निरीक्षक अमित पंत ने बताया कि निजी धर्मकांटे का सत्यापन किया जा रहा हैं। घटतोली की अगर पुष्टि होती है, तब यह किसान का शोषण हैं। अभी मामले में जांच चल रही है।

# जनता दरबार में सुनीं जनसमस्याए

रुद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने अपने आवास पर आयोजित जनता दरबार में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। ठुकराल ने कई मामलों को लेकर मौके से ही संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्ता की। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही मेरे राजनीतिक जीवन का मूल उद्देश्य है। पहले भी आम जन की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहा हूं और आगे भी रहूंगा। जनता दरबार इसी सोच का हिस्सा है, जहां आम



लोग बेझिझक अपनी बात रख सकें और उन्हें तत्काल सहायता मिल सके। जनता दरबार में स्थानीय समस्याओं को लेकर लोग पहुंचे थे। ठुकराल ने हर एक को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों तक उनकी बात पहुंचाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर हरीश चन्द्र राय, दीपा राय, सोबिता, आनन्द शर्मा, ललित बिष्ट, सतीश मिड्डा, आदेश गंगवार, केरू मण्डल, सोनू कुमार, विकास बंसल, जसवीर सिंह, हरीश पासवान, संजय कुमार और शंकर पासवान समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# अवैध चाकू के साथ घूमता दबोचा

रूद्रपुर । ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक बदमाश को अवैध चाकू के साथ घूमते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार अपर उप निरीक्षक हृदयेश परिहार,अपर उप निरीक्षक चन्द्र प्रकाश बावड़ी, का. धर्मेन्द्र कुमार, होम गार्ड कय्यूम अली गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर वह मोदी मैदान पहुंचे जहां कोने की तरफ एक लड़का खड़ा दिखायी दिया। पुलिस टीम ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपन नाम पता संदीप कश्यप पुत्र स्व. लालता प्रसाद निवासी शिवनगर वार्ड 9 ट्राजिट कैम्प बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। उसका कहना था कि कुछ दिन पहले उसका कुछ लड़कों से लड़ाई-झगड़ा हो गया था जिनके डर से अपने बचाव के लिये उसने अपने पास चाकू रखा है। पुलिस ने चाकू कब्जे में लेकर संदीप को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## पेज एक का शेष...

**बिहार में दिखा...** में जो उम्मीदें दिख रही हैं, वह केवल एक नेता पर भरोसे का परिणाम है और वह नेता हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। जिस तरह का ऐतिहासिक जनसमर्थन आज यहां दिखाई दे रहा है, वह इस बात का संकेत है कि बिहार की जनता पूरी तरह से भाजपा के साथ खड़ी है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। गरीबों के घर बन रहे हैं, किसानों को सम्मान निधि मिल रही है, हर घर नल योजना से घर-घर पानी पहुँच रहा है, युवाओं के लिए स्वरोजगार और स्टार्टअप को प्रोत्साहन मिल रहा है। सीएम धामी ने बिहार की जनता से अपील करते हुए कहा कि यह समय राजनीतिक स्थिरता, विकास की निरंतरता, और मजबूत नेतृत्व के साथ खड़े होने का है। उन्होंने कहा कि आज बिहार की जनता यह तय कर चुकी है कि आने वाले समय में यहां भी मोदी जी के विजन के अनुरूप एक मजबूत, पारदर्शी और जनहितकारी सरकार बनेगी। यह जो अपार समर्थन है, यह दर्शाता है कि बिहार अब लालटेन युग को पीछे छोड़ चुका है और विकास के उजाले की ओर कदम बढ़ा चुका है। मुख्यमंत्री धामी ने सभा के माध्यम से स्थानीय कार्यकर्ताओं और नेताओं का भी उत्साहवर्धन किया और कहा कि सभी पार्टी की रीढ़ हैं। आपके परिश्रम से ही भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। बिहार के कोने-कोने में आप सभी की मेहनत से कमल खिलेगा, यही हमारा विश्वास है। उन्होंने लोगों से अपील की कि भाजपा प्रत्याशी देवेशकांत सिंह को भारी मतों से विजयी बनाएं, ताकि क्षेत्र का समुचित विकास हो सके और प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के विजन को आगे बढ़ाया जा सके।

208 **नक्सलियों ने ..** पर विश्वास जताते हुए मुख्यधारा में लौट रहे हैं, जो हमारे लोकतंत्र की ताकत को दर्शाता है। उन्होंने सभी आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों का स्वागत किया और कहा कि सरकार उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। पुलिस और केंद्रीय सुरक्षाबलों का मानना है कि इस आत्मसमर्पण के बाद राज्य में नक्सल गतिविधियों पर निर्णायक अंकुश लगेगा। पुनर्वास योजनाओं के प्रति बढ़ रहा विश्वास, प्रशासनिक प्रयास और लगातार चल रहे जनसंपर्क अभियान इस बदलाव की बड़ी वजह बने हैं। छत्तीसगढ़ लंबे समय से नक्सल प्रभावित राज्यों में शुमार रहा है, लेकिन हालिया घटनाक्रम यह संकेत दे रहा है कि अब लाल आतंक का अंत नजदीक है। यदि यह सिलसिला इसी तरह चलता रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब पूरा राज्य नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# महापौर ने ट्रांजिट कैम्प में लिया व्यवस्थाओं का जायजा, बनेगा वेंडिंग जोन

रुद्रपुर। नगर में यातायात जाम और अव्यवस्थाओं को दूर करने की दिशा में महापौर विकास शर्मा ने अब ट्रांजिट कैंप की ओर भी ध्यान केंद्रित किया है। दीपावली पर्व से पहले ट्रांजिट कैंप क्षेत्र की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के उद्देश्य से महापौर ने गुरुवार को चामुंडा मंदिर परिसर में एक अहम बैठक की। इस बैठक में पुलिस प्रशासन, नगर निगम अधिकारी, लघु व्यापारी, एवं क्षेत्रवासी मौजूद थे। दूसरी बैठक भाजपा मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता के कार्यालय पर भी हुई इसमें भी क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान महापौर ने सभी से संवाद करते हुए क्षेत्र की प्रमुख समस्याएं जानी और उनके समाधान के लिए सकारात्मक चर्चा की। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल मुख्य बाजार क्षेत्र को ही नहीं, बल्कि रुद्रपुर के प्रत्येक हिस्से को व्यवस्थित और सुंदर बनाना है। उन्होंने बताया कि मुख्य बाजार के बाद सबसे अधिक ट्रैफिक जाम की शिकायतें ट्रांजिट कैंप से मिलती हैं, इसलिए अब यहां की व्यवस्थाओं को सुधारने का कार्य आरंभ किया गया है। महापौर ने कहा कि ट्रांजिट कैंप में आबादी काफी बढ़ चुकी है और बड़ी संख्या में छोटे व्यापारी सड़कों पर कारोबार कर रहे हैं। इन व्यवसाइयों को व्यवस्थित रूप से बसाने के लिए यहां एक अलग वेंडिंग जोन विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से रुद्रपुर में चार नए वेंडिंग जोन बनाए जाने की स्वीकृति



प्राप्त हो चुकी है। नैनीताल रोड के बाद अब ट्रांजिट कैंप दूसरा स्थान होगा जहां वेंडिंग जोन की स्थापना की जाएगी। इससे क्षेत्र में जाम की समस्या और अव्यवस्था से निजात मिलेगी। चामुंडा मंदिर में आयोजित बैठक के दौरान महापौर ने स्थानीय जनता की मांग पर मंदिर परिसर में हॉल का लेंटर डालने, मंदिर का सौंदर्यीकरण करने, टाइल्स रोड और स्ट्रीट लाइटें लगाने की भी घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि ट्रांजिट कैंप में 1.70 करोड़ रुपये की लागत से 'रजत जयंती पार्क' का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिए शासन से स्वीकृति मिल चुकी है और इसका ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि नगर निगम अब केवल सड़कों और नालियों तक सीमित नहीं रह गया है। आज निगम द्वारा राशन कार्ड, आधार कार्ड संशोधन, समाज कल्याण योजनाओं के लाभ और चिकित्सा सेवाएं भी दी जा रही हैं। वर्तमान में एक आयुष्मान आरोग्य केंद्र संचालित हो रहा है और शीघ्र ही सात अन्य केंद्र भी शुरू किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान महापौर ने ट्रांजिट कैंप की प्रमुख सड़कों पर पैदल भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। व्यापारियों से भी उन्होंने आग्रह किया कि वे न स्वयं अतिक्रमण करें और न ही दूसरों को इसकी अनुमति दें। इस अवसर पर उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे, कोतवाल मोहन पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, धीरेश गुप्ता, दिलीप अधिकारी, संजीव शर्मा, सचिन गुप्ता, मनोज गुप्ता, जे. के. गंगवार, वरुण मुंजाल, मदन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।





